निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि अनटाईड फण्ड मद के अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति की प्रत्याशा में निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनॉक 16–03–2024 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक लिफाफा बन्द निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है, जो तद्दिनॉक को अपराहन् 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ 3% धरोहर राशि एन0एस0सी / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0, जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के नाम बंधक हो, को निविदा प्रपत्रो के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नही की जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 के रेवेन्यू टिकट पर निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा । निविदा डालने से पूर्व इच्छुक ठेकेदार कार्य स्थल का भली–भॉति निरीक्षण स्वयं कर ले। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त स्थल पर किसी भी विवाद हेतु ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। कार्य सबलेट करने की दशा में ठेकेदार की जमानत पालिका पक्ष में जमा कर ठेकेदार का नाम काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार गठित समिति को होगा एवं अपरिहार्य कारण से निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी / शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है–

कम स0	कार्य का नाम	आंगणन धनराशि मय जी0एस0टी0 सहित (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि
1.	वार्ड एन0टी0डी0 पाताल देवी में पॉयन लॉज के समीप एन0टी0डी0 को जाने वाले मार्ग में दीवार का निर्माण।	9.87	3%	1000+GST	4 माह
2.	वार्ड सैलाखोला में सुमित्रानन्दन पन्त पार्क की क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण।	7.00	3%	1000+GST	4 माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा।

प्रशासक,
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा
पत्रांक 6145 /8–2(2023–2024) दिनांक 01 मार्च, 2024

प्रतिलिपि–

1– सम्पादक, हिन्दुस्तान एवं दैनिक भाष्कर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 10X8 वर्ग से0मी0 स्थान पर शासकीय दरों में प्रकाशित कर समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल को जिला सूचना अधिकारी अल्मोड़ा से प्रमाणित कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।

2– नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

3– नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा।